






# देवरी में 4 इंच से अधिक वर्षा दर्ज

## राहतगढ़ में अब तक 14 इंच बारिश हो चुकी, जिले में औसत वर्षा 9 इंच हुई

नवभारत न्यूज

**सागर 5 जुलाई. बुंदेलखंड के सागर जिले में दो दिन से मेहरबान मानसून के चलते 24 घंटे में देवरी में 4 इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई है. तो वहीं एक जून से आज दिनांक तक राहतगढ़ क्षेत्र में 14 इंच बारिश दर्ज हो चुकी है.**

पिछले दो दिनों से आसमान में छाए बादलों के बाद जिले में बारिश का दौर रुक-रुककर निरंतर चल रहा है. बीते 24 घंटे के दौरान देवरी क्षेत्र में 106.1 मिमी बारिश दर्ज की गई तो वहीं राहतगढ़ में 57.2 और सागर में 50.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है. बंडा और शाहगढ़ में क्रमश: 34 और 32.8 मि.मी. बारिश दर्ज हुई. इसके साथ ही केसली में 80.2 मि.मी., जैसीनगर में 20.1 मि.मी., बीना में 10.4 मि.मी., खुरई में 31.5 मि.मी., मालथौन में 37 मि.मी., गढ़ाकोटा में 39.4 मि.मी., रहली में 25.4 मि.मी. बारिश दर्ज हुई. एक जून से आज दिनांक तक देवरी क्षेत्र में कुल वर्षा 213.8, राहतगढ़ में 352.9, सागर में 196, बंडा में 189.4, शाहगढ़ में 255.8, केसली में 331.3,जैसीनगर में 151.8, बीना में 180.6, खुरई में 270.9, मालथौन में 218, गढ़ाकोटा में 232, रहली में 224 मिमी बारिश दर्ज की गई है. पिछले वर्ष की तुलना में 43.52 प्रतिशत अधिक वर्षा जिले में दर्ज की गई है. वहीं सागर-भोपाल रोड पर पारसी नाले के ऊपर पानी का तेज बहाव होने के कारण आवागमन अवरुद्ध हो गया है.



### ढोंगा पुल डूबा

नरयावली क्षेत्र से निकली धसान नदी में पानी का बहाव तेज होने के कारण ढोंगा पुल डूब गया और आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है. मालूम हो कि दो दिन से हो रही बारिश से नदियों का जलस्तर भी धीरे-धीरे बढ़ने लगा है. सागर नगर में आज सुबह 8.30 बजे से 11.30 बजे के बीच लगभग 33 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है. जबकि अभी भी रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है. मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो-तीन दिनों में तेज बारिश भी हो सकती है.

## युवक ने फांसी लगाई, लाइव वीडियो वायरल

**सागर.** जिले के शाहपुर से इंस्टाग्राम पर राहुल पिता दीपराज अहिरवार (20 वर्ष) ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर खुदकुशी कर ली. इसका सनसनीखेज वीडियो सामने आया. वीडियो में वह कहता है कि मैं जीना नहीं चाहता हूं. इसके बाद वह रस्सी से एक फंदा बनाता है और उसे छत की सीलिंग में फंसा देता है. फंदा तैयार करने के बाद दोबारा अपनी बात शुरू करता है, कभी कोई किसी से प्यार न करें. मैं अब जीना नहीं चाहता हूं और फिर फंदे से लटक जाता है, जिससे उसकी मौत हो जाती है. यह वीडियो 22 जून का बताया जा रहा है. इस मामले में परिजन ने एक युवती पर राहुल के साथ प्यार और शादी के नाम पर धोखा देने का आरोप लगाया है. उनका कहना है, उसी की वजह से उसने मौत को गले लगाया है.

# भक्त-भक्ति, भगवंत और गुरु में कोई अंतर नहीं

नवभारत न्यूज

**सागर 5 जुलाई. भक्तमाल कथा में किशोर दास देव जू महाराज गोरेलाल कुंज श्री धाम वृन्दावन श्री महाराज ने भक्तमाल कथा में अपनी अमृतमयी वाणी से कहा कि कृपा मंगल स्वरूप, कृपा सर्वोपरि है.**

उन्होने कहा कि भक्ति साधन साथ नहीं है. अपने योग, ज्ञानबल, जपबल से तपबल से आदि आदि कितना भी प्रयास कर लें. बिना ठाकुर जी की कृपा से कुछ संभव नहीं है. उनकी कृपा से ही हम श्रीधाम वृन्दावन में हैं उनकी कृपा से कथा हो रही है, उनकी कृपा के बिना हम और आप यहां कथा भी नहीं सुनने आ सकते. हमारे भीतर इतना बल नहीं है कि हम अपने स्वयं बल पर कुछ कर सकते हैं. यदि नाम प्रिया जू और बिहारी जी से हमारा मन लग रहा है तो यह उनकी करूणा ही है और यदि इन सभी में हमारा मन नहीं लग रहा है तो हमारे पूर्व के जन्म के कारण हमारा मन भक्तिभाव में नहीं लग रहा है. लंड़ा चल नहीं सकता, गूँगा बोल नहीं सकता बहरा सुन नहीं सकता पर यदि कृपा जब होती है संतो की कृपा होती है तो हमें कथा सतसंग अच्छा लगता है और यह सभी कथा सतसंग सुनने चले आते हैं और श्री बिहारी श्री प्रिया जी की कृपा से सतसंग अच्छा लगने लगता है. जब ठाकुर जी की कृपा प्राप्त हो जाती है तो जीव को यह सुख सदैव प्राप्त हो जाता है.



> उन्होने कहा कि संत चरण के दर्षन का फल क्या है? संत चरण के दर्शन का यह फल है कि अंत :करण में सुख प्राप्त हो जाता है, संतों की कृपा अनंत है. भक्तमाल का मूल सिद्धांत है भक्त, भक्ति बापू रूप अनेक इनकी कृपा से ही हम कहने में सामर्थ्यवान हैं और इनकी कृपा से आप भक्तमाल कथा सुनने में समर्थवान हैं. तुलसीदास जी हों, स्वामी श्री हरिदास जी महाराज हों यदि ये नहीं होते तो हम आज कैसे इस लीला का रसमान करा पाते. संत चरण को ही सत्य कहा गया है और संतों की महिमा अनंत है.

### एक नजर में



#### रेलवे मजदूर संघ ने पुतला फूंका

**सागर.** रनिंग कर्मचारियों के हो रहे शोषण के विरोध में वेस्ट सेन्ट्रल रेल्वे मज़दूर संघ सागर शाखा द्वारा सचिव डॉ मुहम्मद शमशाद के नेतृत्व में द्वारसभा का आयोजन किया गया. मंडल संरक्षक अनुज तिवारी ने दमोह रनिंग रूम को बंद किए जाने की मांग की. एसएसई सागर (वेस्ट) कार्यालय में पिछले पांच छ: महिनों से नलों से में पानी की सप्लाई न किया जाने समेत अनेक गंभीर अनियमितताओं के विरोध में सहायक मंडल अभियंता एवं एसएसई वर्क्स का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया. अध्यक्षता बनवारी लाल मीना एवं आभार राघवेन्द्र सिंह दीवान ने माना. इस दौरान अशोक परिहार, रामेश्वर कुशवाहा, बीसी निरंजन उपस्थित रहे.



#### एथलेटिक्स अकादमी की प्रतिभा चयन ट्रायल

**सागर.** मप्र राज्य राज्य एथलेटिक्स अकादमी भोपाल द्वारा वर्ष 2025 हेतु एथलेटिक्स अकादमी के लिए प्रतिभा चयन खेल परिसर में किया गया. राज्य स्तरीय एथलेटिक्स अकादमी के चीफ कोच एसके प्रसाद द्वारा चयन ट्रायल लिया, जिसमें जिले के 23 बालिका एवं 54 बालक इस प्रकार कुल 77 बालक/बालिकाओं ने सहभागिता की. चयन ट्रायल में कुलदीप शुक्ला, एड.वीनू राणा, मंगल सिंह, श्यामलाल पाल, उमेशचंद मोर्य उपस्थित रहे.



#### सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**सागर.** विधायक प्रदीप लारिया ने नपा मकरोनिया अंतर्गत वार्ड क्रमांक 18 में 14.86 लाख रू.की लागत से सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया. विधायक श्री लारिया ने अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उक्त कार्यों का विधायक श्री लारिया एवं नपा अध्यक्ष मिहिलाल अहिरवार ने भी भूमिपूजन किया.



#### अभियान के तहत प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त

**ललितपुर.** संचारी रोग अभियान के तहत नगर पालिका द्वारा कार्रवाई शुरू की गई है. ईओ दिनेश विश्वकर्मा के निर्देशन में पालिका की टीम द्वारा शहर क्षेत्र में व्यापक छापामार अभियान चलाया गया. जिसमें प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त करते हुए दुकानदारों से जुर्माना वसूल किया गया. सब्जी मंडी, फल मार्केट एवं नझाई बाजार में अभियान चलाकर टीम द्वारा सड़े गले फल जब्त करते हुए दुकानदारों को चेतावनी दी गई. इस दौरान राजेश जैन, जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, संजय कुमार, अमित कुमार मौजूद रहे.

#### जिला स्तरीय जैन प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**सागर.** जैन मिलन मकरोनिया के तत्वाधान में 6 जुलाई रविवार को सुबह 9 बजे से रविंद्र भवन में जिला स्तरीय जैन प्रतिभा सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम के अनुसार हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी की परीक्षाओं के साथ-साथ विभिन्न विधाओं में समाज का नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा. इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं वरिष्ठ समाजसेवियों को भी सम्मानित किया जायेगा. कार्यक्रम में ही जैन मिलन मकरोनिया की नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण होगा.

# 40 पंचायत सचिवों पर जुर्माना

नवभारत न्यूज

**सागर 5 जुलाई. कलेक्टर संदीप जी.आर के आदेशानुसार अपने कार्यों के प्रति लापरवाही और प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के अंदर नहीं करने पर 44 पंचायत सचिवों पर जुर्माना लगाया गया.**

बंडा अंतर्गत ग्राम पंचायत बिनेका सचिव अमोल सिंह लोधी, ग्राम पंचायत सेमरादात सचिव अनुरूध्द सिंह, ग्राम पंचायत गडर सचिव भूपेन्द्र सिंह, ग्राम पंचायत गनयारी सचिव हरिदास अहिरवार, ग्राम पंचायत नैनधरा सचिव भगवान दास, अंतर्गत ग्राम पंचायत चारौधा सचिव भगवान सिंह लोधी, अंतर्गत ग्राम पंचायत खारमउ सचिव कृष्णा कुमार पटसरिया, अंतर्गत ग्राम पंचायत बरा सचिव प्रकाश मिश्रा, अंतर्गत ग्राम पंचायत हनौता पटकुई सचिव समर सिंह, अंतर्गत ग्राम पंचायत हनौता सहावन सचिव रघुराज सिंह, अंतर्गत ग्राम पंचायत नीमोन सचिव राजेन्द्र चौहान, अंतर्गत ग्राम पंचायत पिडरूआ सचिव रामकुमार चौबे, अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलौआ सचिव रामेन्द्र सिंह लोधी, अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपिरिया चैदा सचिव राजेन्द्र तिवारी पर जुर्माना लगाया गया है.

# नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया

नवभारत न्यूज

**रहली 5 जुलाई. शासकीय महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न हुआ.**

इस कार्यक्रम के प्रथम दिन माता सरस्वती के पूजन के उपरांत नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का टीका लगाकर प्राचार्य एवं शिक्षकजनों ने स्वागत किया. महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों और विविध भौतिक संसाधन तथा उसके उत्तरदायित्व आदि के बारे में परिचय कराया गया. वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ प्रवीण श्रीवास्तव ने आयोजन की पृष्ठभूमि तथा महत्ता पर प्रकाश डाला.



> मुख्य अतिथि डॉ बसंत नेमा ने कहा कि उत्तम शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य और गुरुजनों के मार्गदर्शन में सतत प्रयास से ही कोई छात्र अपने जीवन को सफल बना सकता है. अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ रुचि राठौर में छात्रों से किसी भी प्रकार के भटकाव से बचने और अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहने की सीख दिया. संचालन डॉ स्वप्ना सराफ और आभार मेघा श्रीवास्तव ने माना. इस दौरान सुषमा चौरसिया, डॉ अनूप शर्मा, डॉ नारायण अहिरवार, हरिश्चंद्र चौरसिया, सत्यम दुबे, नेहा जैन, पूजा गुप्ता,शुभ्रा अवस्थी, आत्माराम दुबे, जितेंद्र श्रीवास, मुकेश काछव,सोमपाल कुर्मी मौजूद थे.

## कैंट पुलिस ने पकड़े दो चाकूबाज, मामला दर्ज

**सागर.** शहर में सक्रिय चाकूबाजों को निशानदेही के बाद पकड़ने का सिलसिला जारी है. कैंट पुलिस ने दो चाकूबाजों को पकड़ा है.पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पोस्ट ऑफिस के पास रेलवे स्टेशन टपरिया निवासी 32 वर्षीय लहर उर्फ हेमंत पुत्र हीरालाल अहिरवार और रेलवे स्टेशन के पास से विक्की उर्फ विक्रम पुत्र कुंदन रायकवार 21 वर्ष को चाकू के साथ पकड़ा है. दोनों आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है.

# विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत राशि वितरित

नवभारत न्यूज

**खुरई 5 जुलाई. प्रतिभाशाली युवा, सकारात्मक सोच और टेक्नोलॉजी ये तीन प्रतिभाएं देश की प्रगति के वाहक हैं. यह विचार युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने सरदार पटेल ऑडिटोरियम में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 75 प्रतिशत से अधिक परीक्षा परिणाम अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय हेतु 25 हजार रुपए की राशि वितरण हेतु आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए.**

उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली आबादी, सकारात्मक सोच और टेक्नोलॉजी, आज टैक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत देश निरंतर आगे बढ़ रहा है. उन्होंने एआई आधारित आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी के माध्यम से कैसे हम अपने काम को आसानी से कर सकते है इसका विवरण विद्यार्थियों को दिया. उन्होंने कहा कि चैटजीपीटी के माध्यम से हम कुछ भी पूछ सकते हैं अपनी दैनिक दिनचर्या का शेड्यूल बना सकते हैं. आज के समय में सोशल मीडिया के माध्यम से हम अपने विचार पूरे विश्व में साझा कर सकते हैं. कार्यक्रम में नपाध्यक्ष नन्हीं बाई अहिरवार, राहुल चौधरी, रविन्द्र राजपूत, राजेन्द्र सेंगर, आरएस शर्मा, प्रवीण जैन मौजूद रहे.



## आज निकलेंगे ताजिए

**सागर.** मोहर्रम की 10 तारीख को मोहम्मद इमाम हुसैन की याद में शहर में ताजिए निकाले जाएंगे हैं. जिसकी तैयारियों में मुस्लिम धर्मावलंबियों के साथ-साथ किन्नर समाज भी जुटा है. इतवारी टौरी स्थित रंगमहल में किन्नर समाज ने आकर्षक तरीके से ताजिए सजाए है, जिसमें रंग-बिरंगी लाइट से साज-सज्जा की गई है, जो रविवार को मातमी धुनों के साथ शहर में निकाले जाएंगे. किरण बुआ ने बताया कि ताजिया बनाने का सिलसिला कई पीढियों से चला आ रहा है. इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी ताजिए सजाए जा रहे हैं और तैयारियां की जा रहीं हैं.

# सफाई मित्रों को रेनकोट दिए



नवभारत न्यूज

**सागर 5 जुलाई. नगर पालिका परिषद बीना द्वारा सफाई मित्रों को रेनकोट वितरित किए गए.**

कार्यक्रम नपा परिसर के सभागार में आयोजित किया गया. नपा अध्यक्ष लता सकवार ने कहा कि सफाई मित्र शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं. हर मौसम में, चाहे गर्मी हो या बारिश, वे पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं.नपाध्यक्ष ने कहा कि रेनकोट वितरण के इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल कर्मचारियों को बारिश से बचाना बल्कि उन्हें यह संदेश देना भी है कि नपा उनके योगदान को समझती है. इस दौरान नपा उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया, पार्षद विजय लखेरा सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.



# प्रश्न मंच के पुरस्कार दिए

नवभारत न्यूज

**सागर 5 जुलाई. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम के तहत नवागत विद्यार्थियों को क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से प्रश्नों के उत्तर देने पर पुरस्कृत किया.**

मुख्य अतिथि शायर अशोक मिजाज ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने अध्ययन काल में मिले समय का उपयोग भविष्य को गढ़ने में करना चाहिए. विशिष्ट अतिथि साहिबा नासिर खान ने उन्नति फाउंडेशन के माध्यम से दिए जाने वाले प्रशिक्षण के विषय में भी विद्यार्थियों को परिचित कराया. प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने कहा कि हमारे जीवन की सफलता चरेवेति चरैवेति के आधार पर ही निर्धारित होता है अर्थात आपको हमेशा आगे बढ़ते रहना है.

डॉ संदीप सबलोक ने बताया कि इस दौरान डॉ संतोष सेन ने पुस्तकालय, डॉ जयनारायण यादव व कीर्ति रैकवार ने एन सीसी, डॉ अवधेश प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना आदि के विषय में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई.

## मोटर साइकिल छीनने वाला आरोपी पकड़ा

**गौरझामर.** घर में घुसकर मारपीट कर मोटरसाइकिल छीनने वाले आरोपी को गौरझामर पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना गौरझामर क्षेत्र निवासी पुष्पेन्द्र सिंह दांगी द्वारा थाना में एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें बताया गया कि आरोपी विजय दांगी उनके घर में जबरन घुस आया और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा. पैसे नहीं देने पर आरोपी ने फरियादी के साथ गाली-गलौच करते हुए लात-घूंसे से मारपीट की. जब फरियादी की माता संगीता दांगी एवं पिता चन्द्रभान दांगी बीच-बचाव हेतु आए तो आरोपी ने उनके साथ भी हाथापाई कर शारीरिक चोटें पहुंचाईं. आरोपी ने घर के आंगन में खड़ी बाइक को जबरन छीनने का प्रयास किया था.

# उच्च शिक्षा के लिए कम्प्यूटर ज्ञान आवश्यक: श्री राजपूत



नवभारत न्यूज

**सागर 5 जुलाई. उच्च शिक्षा के लिए कम्प्यूटर ज्ञान अत्यंत आवश्यक है एवं अच्छी शिक्षा देने के लिए मध्यप्रदेश सरकार वचनबद्ध है साथ ही सुरखी विधानसभा में शिक्षा के साथ साथ सर्वांगीण विकास किया जा रहा है.**

उक्त विचार खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत सुरखी विधासभा क्षेत्र के तीन सौ से अधिक विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किए. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा निर्णय लिया गया कि सभी 75 प्रतिशत से अधिक अंत प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को लैपटॉप प्रदान किया जाना है जिसके तहत 94 हजार से अधिक विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जा रही है.

> मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि आज का युग प्रतियोगिता का युग हैं हमें प्रतियोगिता में अवश्य शामिल होना चाहिए किंतु धैर्य के साथ. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि मध्यप्रदेश में सुरखी विधानसभा क्षेत्र एक ऐंसा विधानसभा क्षेत्र है जहां अनेक सभी स्कूलों में स्मार्ट क्लासें बनवाई जा रही है और सभी संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे है. अभी दो सांदीपनी विद्यालय संचालित है शीर्घ ही सुरखी और बिलहरा में नए सांदीपनी विद्यालय संचालित होंगे. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि सभी विद्यार्थी अपना लक्ष्य बड़ा रखे और उस लक्ष्य को संकल्प में लेकर आंगे बढ़े कभी भी मन में हीन भावना मत आने देना हीन भावना व्यक्ति की तरक्की की दुश्मन होती है. उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी अपने माता-पिता के त्याग, तपस्या को कभी मत भूलना क्योकि माता-पिता हमेशा अपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं. इस अवसर पर सुखदेव मिश्रा, डॉ वीरेन्द्र पाठक ने भी अपने विचार व्यक्त किए. डीईओ अरविन्द जैन ने स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. संचालन डॉ अरविन्द जैन एवं राजकुमार कपूर ने किया. आभार सृष्टि पटैल ने माना. इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जी.आर, अभय श्रीवास्तव, उषा जैन, जीएस अहिरवार, मनोज पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद थे.


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सागर जिला सागर**

क्रमांक/रीडर-1/2024-25/478 सागर, दिनांक 06/2025

रा.प्र.क्र. 0478/अपील /2024-25,

मौजा: बहेरिया गदगद तह. सागर

**1-धीरेंद्र पिता राजेन्द्र कुमार शर्मा निवासी-तिली वार्ड सागर तह व जिला सागर.. अपीलार्थी**

**विरुद्ध**

1.रामप्रसाद पिता गनपत पटेल अन्य-2, 2.नन्हूराम पिता जगन्नाथ पटेल अन्य-1, 3.गीता पुत्री चेतू उर्फ चंदू पटेल निवासी बहेरिया गदगद तहसील व जिला सागर म.प्र, 4.सियाबाई उर्फ कृष्णा पति मुकुन्दी पिता गनपत पटेल निवासी ग्राम गिरवर तहसील व जिला सागर, 5.अवधरानी उर्फ बेटीबाई पति रामू पिता गनपत पटेल निवासी भौहारी तहसील व जिला सागर, 6.रामरानी उर्फ सीतारानी पति परषोत्तम पिता गनपत पटेल निवासी ग्राम डाबरी तहसील बण्डा जिला दमोह, 7. रामरानी उर्फ हरिबाई पति कन्छेदी पटेल पिता गनपत निवासी ग्राम वासा तहसील व जिला दमोह, 8.कमरानी उर्फ छोटीबाई पति अल्लू पिता गनपत पटेल, 9.श्रीबाई उर्फ गेदाबाई पति मन्नू पटेल पिता गनपत निवासी ढाना तहसील व जिला सागर,10. संतोबाई उर्फ कमलबाई पति अर्जुन पिता गनपत निवासी भौहारी तहसील व जिला सागर,11.कलाबाई, भूरीवाई पिता जगन्नाथ पटेल निवासी बहेरिया गदगद तहसील व जिला सागर, 12.छोटेलाल पिता खुमान पटेल निवासी मकरोनिया तहसील व जिला सागर, 13.महेश प्रसाद पिता देवीप्रसाद पटेल, 14.विजय, मुकेश पिता शिब्बू पटेल, 15.नन्हू उर्फ नन्नूराम पिता कुजी पटेल, 16.रंजीत पिता दयाराम पटेल सभी निवासी ग्राम पामाखेडी तहसील व जिला सागर..... **प्रतिअपीलार्थी**

**//आम सूचना//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी धीरेन्द्र शर्मा पिता राजेन्द्र कुमार शर्मा निवासी तिली वार्ड सागर तहसील व जिला सागर के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार सागर वृत्त 2 तह.सागर द्वारा मौजा बहेरिया गदगद प.ह.नं.77 रा.प्र.क्र.0015 अ 27 वर्ष 2012-13 में पारित आदेश दिनांक 24.02.2014 से परिवेदित होकर म.प्र. भू.रा.संहिता 1959 की धारा 44 के तहत आवेदन पत्र सहित अपील प्रस्तुत की है। अपीलार्थी द्वारा मौजा बहेरिया गदगद प.ह.नं. 77 स्थित भूमि खरारा नंबर 241, 342, 44 रकबा क्रमश: 3.24, 2.07, 0.37 हे.भूमि एवं 44,173/1 रकबा 1.73, 0.26 हे.भूमि शामिल शरीक खाते में दर्ज है। अपीलार्थी द्वारा उक्त रा.प्र.क्र. 0015 अ-27 वर्ष 2012-13 में पारित आदेश दिनांक 24.02.2014 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई, जिसका निराकरण बंटवारा अपील के माध्यम से किया जाना है। उक्त बंटवारा अपील में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई उजर आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेशी 11.06.2025 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। पेशी निकल जाने के उपरांत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 11/06/2025
पेशी दिनांक 23/06/2025


**अनुविभागीय अधिकारी सागर (म.प्र.)**


# स्वैच्छिकता पर्व के रुप में मनाया स्थापना दिवस

नवभारत न्यूज

**सागर 5 जुलाई. जन अभियान परिषद् के द्वारा स्थापना दिवस पर आज पुरानी कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वैच्छिकता पर्व का आयोजन हुआ.**

मुख्य अतिथि अपनत्व सेवा समिति के संस्थापक आर.डी. बड़ोनिया ने कहा, जन अभियान परिषद् के कार्यकर्ताओं से त्याग और समर्पण की भावना सीखी जा सकती है. राज्य प्रमुख पतंजलि योग सेवा समिति भगत सिंह ने परिषद् के सामाजिक कार्यों की सराहना की. संभाग समन्वयक दिनेश उमरैया ने कहा परिषद् सामाजिकता और जागरूकता के साथ समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है. जिला समन्वयक के.के. मिश्रा ने पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से परिषद् के कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया. जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए.



इसके साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया. संचालन जय सिंह ठाकुर ने किया. हरिराम अहिरवार ने आभार माना.

कार्यक्रम में सभी विकासखंड समन्यवयक, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि प्रस्फुटन समिति के सदस्य मौजूद थे.